नागरिको के हित में 2 मोबाईल ऐप का लांच हुआ घर बैठे-बैठे सभी टैक्स जमा कर सकते है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई और एच.डी.एफ.सी. बैंक मिलकर पहल किया है, निगम क्षेत्र के सभी हितग्राहियों की सुविधाओं के लिए डी.डी.एन. डिजिटल डोर नंबर साल्यूशन की लाॅन्चिंग की है। जिससे सभी हितग्राही बड़े ही आसानी से टैक्स की बकाया राशि देख पाएंगे और साथ ही भुगतान भी कर पाएंगे। आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नागरिको के हित में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल के द्वारा 2 मोबाईल ऐप का लाॅच किया गया है। सभी नागरिक जो भी निगम को संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, निर्यातकर एवं अन्य करों का भुगतान करना चाहते है, वह मोबाईल ऐप के माध्यम से भुगतान कर सकते है। निगम क्षेत्र के सभी मकानो में डिजिटल क्यूआर कोड के साथ नेम प्लेट लगाया जा रहा है। जिसको स्केन करके नागरिक अपने सभी प्रकार के करों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। संबंधित व्यक्ति के मोबाईल में ओ.टी.पी. आयेगा, वह व्यक्ति जब ओके करेगा, तभी उसका भुगतान स्वीकृत होगा। यह पुरी तरह से सुरक्षित होगा। सबका समय किमती है, इसके लिए नगर निगम भिलाई तक आने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक घर बैठे इस मोबाईल ऐप के माध्यम से टैक्स से संबंधित पुरी जानकारी प्राप्त कर सकते है। एच.डी.एफ.सी. बैंक के माध्यम से करों का भुगतान हो सकेगा, वह भी सहयोगी है। दुसरे ऐप के माध्यम से आप स्वच्छता के क्षेत्र में कहीं पर भी कोई समस्या हो, कचरा हो, पानी बह रहा हो, किसी के द्वारा गंदगी फैलाया जा रहा हो, अवैध पार्किग कर लिया हो। तमाम प्रकार की जानकारियां ऐप के माध्यम से निगम को दे सकते है, निगम का प्रयास होगा कि 24 घंटे के अंदर उसका निदान हो सके। जिस प्रकार से चुनाव के दौरान सी.व्ही.जील ऐप काम करता है, उसी प्रकार से यह ऐप तत्कालिक रूप से वीडियो, फोटो एवं अन्य जानकारियां निगम के अधिकारियों तक पहुंचा देगा। ऐप का लाॅच करते समय वैशालीनगर विधायक श्री सेन ने बताया कि शुरूवात में 10 हजार मकानो तक डिजिटल नेम प्लेट लगाया जायेगा। उसके बाद धीरे-धीरे सभी मकानो तक लगाने की प्रक्रिया की जायेगी। किसी भी नये काम को करते समय कुछ कमियां रहती है, जब नागरिक इसका फीड बैक देगे, उसे भी सुधार लिया जायेगा। हमारी सरकार का प्रयास है, नागरिको को बेहतर सुविधा मिले। महापौर नीरज पाल ने नागरिको से आवाहन किया कि अधिक से अधिक संख्या में इस ऐप का लाभ उठावें और अपने दायित्वो का निर्वहन करें।